हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री


14 विधायक ने गणतंत्र दिवस पर कार्यालय में फहराया तिरंगा





14 नांदगांव स्कूल में गणतंत्र दिवस एवं नवसाक्षर...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एर्जेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


**खबर संक्षेप**



### चोरी, एक लाख से ज्यादा के गहने पार

**महासमुंद।** बागबाहरा के झलप चौक स्थित एक घर से एक लाख रुपए से ज्यादा के गहनों की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी तालाब झलप चौक निवासी लक्ष्मीनारायण साहू पिता ओशराम साहू के घर से बीते महीने की 25 तारीख को अपने गले का आभूषण सोने का चैन (22.5 से 23 ग्राम), सोने का ओम लॉकेट (2.840 ग्राम) तथा पत्नी के कान का आभूषण सोने की बाली (4 ग्राम के लगभग) को एक साथ अलग से एक डिब्बे में भरकर लकड़ी के आलमारी में सुरक्षित रखा हुआ था। जब 23 जनवरी को आलमारी को खोलकर देखा तो उस डिब्से से गहने गायब थे। प्रार्थी ने करीब 110320 रूपये के गहने चोरी होने की जानकारी रिपोर्ट में दी है। मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बागबाहरा में 31 हजार की शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा के मंडीपारा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने 31 हजार रुपए से ज्यादा की देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस न बताया कि पेट्रोलिंग दौरान मकान वार्ड नंबर 12 मंडीपारा बागबाहरा मे आरोपी रामबली प्रसाद पिता सूर्य प्रसाद के कब्जे से 281 नग सवा शेर देशी प्लेन शराब कीमत 22480 रूपये, 42 नग रोमियो देशी प्लेन शराब कीमत 3360 रूपये, 50 नग गोल्डन गोवा व्हिस्की शराब कीमत 6000 रुपए कुल अवैध शराब कीमत 31840 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**राष्ट्रीय पर्व:** जिला मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# देशभक्ति के रंग में रंगा मिनी स्टेडियम सांसद रूपकुमारी ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली और जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में देशभक्ति के रंग में स्टेडियम भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद सांसद ने शांति के प्रतीक तिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़े। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर सांसद ने जिले के वीर शहीदों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शहीद परिवारों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि राष्ट्र उनके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नगर सेना की महिला प्लाटून, एनसीसी और



एनएसएस की टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों का प्रदर्शन रहा। लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने एक साथ ऊर्जा से भरपूर पी.टी. का प्रदर्शन किया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति और देशभक्ति का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। पुलिस विभाग ने कहो नशे को अलविदा विषय पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसने समाज को नशामुक्ति का सशक्त संदेश दिया। वहीं, शासन की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली 16 विभागों की जीवंत झांकियों ने लोगों का दिल जीत लिया।

समारोह के दौरान मंच पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रेखराज शर्मा एवं सुरेंद्र मानिकपुरी द्वारा किया गया। जिले के 109 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षा विभाग और सेजेस रहे अव्वल

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेजेस अंग्रेजी माध्यम स्कूल महासमुंद ने प्रथम, महर्षि विद्या मंदिर मचेवा ने द्वितीय और वेडनर मेमोरियल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभागीय झांकी में शिक्षा विभाग (समग्र शिक्षा) की झांकी को प्रथम स्थान मिला, जबकि वन विभाग दूसरे और पशु चिकित्सा विभाग तीसरे स्थान पर रहा। परेड (सशस्त्र) में 20वीं वाहिनी सशस्त्र बल ने बाजी मारी। नगर सेना महिला प्लाटून दूसरे और जिला पुलिस बल तीसरे स्थान पर रहे। परेड में सीनियर डिवीजन एनसीसी और स्काउट ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# 2250 कट्टा धान एवं धान से भरा एक ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस बागबाहरा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई में 2250 कट्टा अवैध धान एवं धान से भरा एक ट्रक जब्त किया गया तथा समिति सत्यापन के दौरान राजडेरा समिति में 2088 कट्टा धान अधिक एवं तेंदूकोना समिति में 17069 कट्टा धान कम पाया गया। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन कार्य में अनियमितताओं की जांच के तहत संयुक्त टीम द्वारा समितियों में भौतिक सत्यापन की कार्रवाई की गई। इस दौरान राजडेरा समिति में 2088 कट्टा धान अधिक पाया गया, वहीं तेंदूकोना समिति में 17069 कट्टा धान कम पाया जाना सामने आया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार तेंदुकोना से भुरकोनी मार्ग पर लगभग 200 कट्टा धान का अवैध परिवहन करते हुए एक मिनी ट्रक पकड़ा गया। वाहन को नजदीकी बुंदेली चौकी के सुपुर्द किया गया। एक अन्य कार्रवाई में उड़ीसा से लाकर खेतों में छुपाकर रखे गए तथा समीप की बाड़ी में डंप किए गए लगभग 1000 कट्टा धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर थाना कोमाखान के सुपुर्द किया गया। इसके अलावा टूहलू चेकपोस्ट के पास धान से भरा एक ट्रक पकड़ा गया, जिसे आगे की कार्यवाही हेतु टुहलू थाना को सुपुर्द किया गया। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिधामुंडा में बरतराम के गोदाम में निरीक्षण के दौरान 1400 कट्टा धान मौके पर पाया गया। जांच में 600 कट्टा धान का वारिसान पंजीयन प्रक्रियाधीन पाया गया, जबकि शेष 800 कट्टा धान अधिया का बताया गया, परंतु अधिया-रेघा से संबंधित कोई वैध दस्तावेज अथवा पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त 800 कट्टा धान को राजस्व एवं मंडी टीम द्वारा मौके पर ही जब्त किया गया। साथ ही सारंगढ़ घठौरा से नवागढ़ महासमुंद समिति की ओर अवैध रूप से धान परिवहन करते पाए जाने पर तीन ट्रैक्टरों में लदे 250 कट्टा धान जब्त किया गया।

## पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब के खिलाफ अभियान में 7 आरोपी गिरफ्तार, 128 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में पुलिस ने बागबाहरा, सरायपाली, पिथौरा और खल्लारी क्षेत्र से कुल 6 अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस पूरे अभियान के दौरान कुल 128 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इसमें लगभग 45 लीटर हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब और लगभग 83 लीटर देशी प्लेन शराब शामिल है। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 49,360 रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 70, 000 रुपये है। पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर इन प्रकरणों को दर्ज किया जिसमें पिथौरा थाना में यहां सबसे अधिक 3 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने घनश्याम तांडे और ललित राउत सहित अन्य आरोपियों से भारी मात्रा में महुआ और देशी शराब जब्त की। बागबाहरा थाना में यहां पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जहां रामबली प्रसाद गुप्ता नामक आरोपी के पास से 67 लीटर से अधिक देशी प्लेन शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 31, 840 रुपये है। सरायपाली थाना में यहां भंवरपुर क्षेत्र के दो आरोपियों, यादराम जांगड़े और ओम टंडन को 25 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। खल्लारी थाना में पुलिस ने कन्हारपुरी निवासी रिखीराम यादव को अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने इस अभियान के तहत निम्नलिखित व्यक्तियों को आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घनश्याम तांडे (59 वर्ष, राजा सेवईया), रिखीराम यादव (30 वर्ष, कन्हारपुरी), रामबली प्रसाद गुप्ता (47 वर्ष, बागबाहरा), यादराम जांगड़े (25 वर्ष, बुंदेलाभांठा), ओम टंडन (20 वर्ष, बुंदेलाभांठा), ललित राउत (58 वर्ष, राजा सेवैया खुर्द)।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध नशीले पदार्थों और अवैध शराब के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी अवैध शराब की बिक्री या निर्माण हो रहा है, तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाने में दें। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) और 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।






# सिरपुर महोत्सव की अंतिम तैयारी जोरों पर, भव्य डोम हो रहा तैयार, 3 दिन में होंगे 36 सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर स्थल सिरपुर में 1, 2 और 3 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। महोत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। महोत्सव स्थल पर 105×350 फीट के विशाल डोम का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है, वहीं कलाकारों के लिए 60×30 फीट का भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। तीन दिनों में कुल 36 सांस्कृतिक, कला एवं मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रतिदिन महानदी आरती होगी।



### इंडियन आइडल फेम कलाकार देंगे रंगारंग प्रस्तुतियां

इस वर्ष सिरपुर महोत्सव में बाबा हंसराज रघुवंशी, बालीवुड प्लेबैक सिंगर मिथ ब्रदर्स, इंडियन आइडल फेम 10 के नितिन कुमार, इंडियन आइडल फेम 12 के नचिकेत लेले एवं वैशाली रायकवार अपनी गायन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। साथ ही देशी कलाकारों और विदेशी मेहमानों की सहभागिता से महोत्सव का आकर्षण और बढ़ेगा।

### कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने आज शाम कलेक्टर विनय लंगेह ने प्रशासनिक टीम के साथ सिरपुर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान साडा के सीईओ धम्मशील गणवीर, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता, तहसीलदार, सरपंच पुष्पा माली सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है।

### सिरपुर महोत्सव में उमड़ेगा अंतरराष्ट्रीय रंग, दक्षिण कोरिया के मेहमान होंगे शामिल

**महासमुंद।** सिरपुर के ऐतिहासिक वैभव और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नजदीक से समझने-देखने इस बार विदेशी मेहमान भी सिरपुर महोत्सव में पहुंचेंगे। तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन इस वर्ष और भी भव्य व आकर्षक होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के इतिहास, कला और संस्कृति के जानकार भाग लेंगे।



महोत्सव में दक्षिण कोरिया से इतिहास, कला और संस्कृति के विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए हैं। इनमें दक्षिण कोरिया के प्रो. जंग संगीर, किम डांग ग्वी, डॉ. ली ची रैन और एन नाजियम प्रमुख रूप से शामिल हैं, जिनकी सहभागिता से सिरपुर की अंतरराष्ट्रीय पहचान और सशक्त होगी। वहीं नागपुर से दीक्षा भूमि स्मारक समिति के अध्यक्ष भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई जी तथा कर्नाटक से भदंत प्रज्ञा बोधि थेरो की भी उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है। देश के विभिन्न हिस्सों से बौद्ध धर्म के आर्य एवं विद्वान भी इस आयोजन में शामिल होकर सिरपुर की ऐतिहासिक और बौद्ध विरासत पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलावा महोत्सव में बॉलीवुड और छालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे और दर्शकों को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव सिरपुर की प्राचीन सभ्यता, विरासत, कला-संस्कृति और पर्यटन को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

**खबर संक्षेप**



## लखनपुर की रीना का आईटीबीपी में चयन

**झलप।** ग्राम लखनपुर की रीना साहू का चयन इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस में हुआ है। पिता कुलेश्वर साहू और माता लिलेश्वरी साहू की बेटी रीना साहू बचपन से बहादुर एवं पढ़ाई में तेज रही थी। चयन पश्चात गणतंत्र दिवस के मौके पर ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से रीना साहू का स्वागत किया गया, पूरे गांव में खुशी का माहौल बना। ग्राम के सरपंच खेमीन चोवा राम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, समस्त पंचगण एवं ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हमारे ग्राम पंचायत लखनपुर के लिए गर्व की बात है कि हमारी बेटी ने पूरे देश में हमारे ग्राम लखनपुर का नाम सुर्खियों पर ला दिया है।

## कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के निदेशक हेमंत चंद्राकर एवं प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर ने की। इस अवसर पर एचओडी संजय कुमार साहू, सहायक प्राध्यापकगण उमा चौधरी, निर्मल कुमार बंजारे, टोपराम कुर्रे, डिंपल साहू एवं शीतल साहू उपस्थित रहे। निदेशक हेमंत चंद्राकर ने छात्रों को 26 जनवरी के महत्व के बारे में बताया और समझाया कि यह दिन क्यों मनाया जाता है। उन्होंने छात्रों को गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय अर्थ के बारे में जागरूक किया और राष्ट्रप्रेम की भावना को विकसित करने का संदेश दिया। उनके प्रेरक शब्दों से छात्रों का उत्साह और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर द्वारा भी छात्रों को संबोधित किया गया और उन्होंने अपने विचार साझा किए। छात्रों ने उनकी बातों से प्रेरणा लेकर उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं कविता की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं।

**योजना : पटपरपाली में तीन महिला उद्यमों का हुआ शुभारंभ**

# उद्यमी दीदियों की आत्मनिर्भरता की मजबूत साथी बनी बिहान योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ शासन की बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रही है। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पटपरपाली में तीन स्व सहायता समूह की दीदियों ने इस योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार की शुरुआत की है और गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं।

प्रेरणा स्व सहायता समूह की सावित्री साहू ने बिहान योजना के अंतर्गत बैंक लिंकेज एवं उद्यमी लोन के माध्यम से तीन लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने अपनी निजी राशि भी लगाकर मेडिकल स्टोर की शुरुआत की, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिली है।

इसी प्रकार जय छत्तीसगढ़ स्व सहायता समूह की छाया दुबे ने उद्यमी लोन एवं संगठन से 2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त कर ब्यूटी पार्लर की शुरुआत की। यह पहल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी।



वहीं रोशनी स्व सहायता समूह की दीदी ऋतु साहू ने बिहान योजना से बैंक लिंकेज एवं क्लस्टर संगठन से तीन लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर, अपनी स्वयं की राशि जोड़ते हुए कपड़ा दुकान की स्थापना की। खास बात यह है कि वे दुकान के साथ सिलाई कार्य भी कर रही हैं, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। इन तीनों नव स्थापित दुकानों का उद्घाटन फीता काटकर जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी दीदियों को आत्मनिर्भर बनने पर बधाई दी और उनके संघर्ष, चुनौतियों तथा सफलता की यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही भविष्य की कार्ययोजना पर मार्गदर्शन देते हुए अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियां प्रारंभ करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी पंचायतों में इस प्रकार के स्वरोजगार कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए।

उद्घाटन कार्यक्रम में जनपद सीईओ राजेश साहू, जनपद सदस्य भूपेंद्र मोंटू दीवान, ग्राम सरपंच लता कमलेश तांडे, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, अतिरिक्त सीईओ आर बरिहा, एडीईओ एकलदेव, एरिया कॉर्डिनेटर राजेश पटेल, शिवम नगारची, पीआरपी रोशनी कंवर, एफएलसीआरपी, बिहान कैडर, स्व सहायता समूह की दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संदेश लेकर सामने आया।

## धान बेचते-बेचते आंसू निकल आए, धान खरीदी नीति फेलः द्वारिकाधीश

**महासमुंद।** खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा है कि धान बेचने को लेकर करीब सवा 2 माह से चल रही किसानों की



जद्दोजहद व लाचारी की पराकाष्ठा इससे पहले हमारे राज्य में कभी नहीं देखी गई। धान बेचने से धन मिलने की खुशी तो किसान महसूस ही नहीं कर पाए। उल्टे धान बेचते-बेचते उसके आंसू निकल आए। यादव ने कहा कि राज्य सरकार की धान खरीदी नीति पूरी तरह फ्लॉप हो गई है। यादव ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में राज्य सरकार को किसान विरोधी ठहराते हुए कहा कि मौसम की मार और अपनी आर्थिक स्थिति से जूझते-जूझते किसानों ने धान के पौधों को सहेज कर यहां तक लाया। प्रारंभिक दौर में खाद-बीज का संकट, डीएपी और यूरिया खाद का शॉर्टेज, कालाबाजारी से लड़ते-लड़ते जब कटाई शुरू हुई, तब फिर बेमौसम बारिश, बदली से किसान सिहर उठे। इतने संकटों से जूझते-जूझते अब जब धान बेचने की बारी आई तो धान खरीदी में सरकारी तंत्र की अव्यवस्था ने उसे पूरी तरह तोड़ कर रख दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता यादव ने कहा कि पहले पंजीयन, फिर एग्रीस्टेक पोर्टल पर रकबा एंट्री की अनिवार्यता, टोकन का उपलब्ध नहीं होना, प्रतिदिन खरीदी की लिमिट कम किए जाने से किसानों को 20-30 दिन तक धान बेचने के लिए इंतजार करना पड़ा। इस चक्कर में सूखत 17 प्रतिशत से घटकर 13-14 प्रतिशत तक आ गई। वजन कम होने से किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ। एग्रीस्टेक पोर्टल में रकबा एंट्री के लिए बुजुर्ग किसान चॉइस सेंटर, पटवारी और तहसीलदार के चक्कर लगाते थक गए। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम सेनभाठा के किसान मनबोध गाड़ा ने तंग आकर आत्महत्या की कोशिश की थी, अब रकबा समर्पण के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जो धान बेचना चाहते हैं उन किसानों के घर जाकर अधिकारी भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। जिला कांग्रेसाध्यक्ष द्वारिकाधीश ने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने की बात करने वाली सरकार हजारों किसानों का धान अब तक नहीं खरीद पाई है। उन्होंने सरकार पर कम से कम धान खरीदी करने के लिए तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न करने का आरोप लगाया है।

## पालिकाध्यक्ष ने जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने आज शहर के 27 जर्जर आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत के लिए भूमिपूजन किया। इन सभी आंगनबाड़ियों की मरम्मत 21.60 लाख रु. की लागत से कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए नपाध्यक्ष साहू ने शासन का ध्यानाकृष्ट कराया था। उनकी पहल पर भवनों की मरम्मत के लिए शासन द्वारा राशि स्वीकृत की गई। साहू की इस संवेदनशील पहल पर शासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए वित्तीय स्वीकृति जारी की है। अध्यक्ष साहू के प्रयास से अब शहर के मरम्मत योग्य जर्जर भवनों के जर्जर दीवारें, टूटी फर्श, खिड़कियां, छत और शौचालय आदि दुरुस्त किए जाएंगे। प्रत्येक भवन के लिए 80-80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा सकेगा। आज पालिका अध्यक्ष साहू ने शहर के 27 जर्जर आंगनबाड़ियों के मरम्मत के लिए स्थानीय वार्ड 23 स्थित आंगनबाड़ी परिसर में भूमिपूजन किया गया। उन्होंने सभापतियों, पार्षदों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधिवत भूमिपूजन कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जर्जर आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत से नौनिहालों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल पाएगा। साहू ने कहा कि जर्जर भवनों में छोटे-छोटे बच्चों को खेलने व पढ़ने में कठिनाई होती थी। लेकिन अब, मरम्मत होने से उन्हें सुविधा मिलेगी। यह पहल शिक्षा और पोषण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। साहू के प्रयास से आंगनबाड़ियों की मरम्मत होने पर आंबा संघ के पदाधिकारयों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंटकर आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिन्कू चंद्राकर, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान आदि मौजूद रहे।





## शत्रुघ्न बने स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

**झलप।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ महासमुंद जिलाध्यक्ष विनय कुमार प्रधान द्वारा विधिवत अधिसूचना जारी करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष का चयन करते हुए शत्रुघ्न भारती को सर्वसम्मति से महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। चयन उपरांत ब्लॉक महासमुंद में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर, डॉ. निखिल चंद्राकर, सुरेंद्र चंद्राकर (बीपीएम), गिरीश ध्रुव (बीटीईओ), दीपक तिवारी (मलेरिया निरीक्षक) सहित एन कुमार रात्रे, राजेंद्र सिदार, खिलावन मेहरा, घनश्याम ध्रुव, वैदराज मेहरा, विवेक पटेल, लीलाधर पटेल, योगेश मिश्रा, मनोज सिन्हा, महेश्वर साहू, मोहन पटेल, रमन चंद्राकर, तेजप्रताप ध्रुव एवं समस्त महिला व पुरुष सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक तिवारी ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में संघ और अधिक संगठित, मजबूत एवं प्रभावशाली बनेगा। उक्ताशय की जानकारी एन कुमार रात्रे ने दी।

## स्वाध्याय केंद्र में मनाया गया गणतंत्र दिवस, सचिव मोहन साहू ने किया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** गणतंत्र दिवस 2026 के गौरवशाली अवसर पर स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं समिति के सचिव मोहन साहू ने सुबह ठीक 8:30 बजे ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गान कर मातृभूमि की वंदना की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मोहन साहू ने कहा कि आज का दिन उन अमर शहीदों और संविधान निर्माताओं को नमन करने का है, जिनके त्याग से हमें लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त हुए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा गणतंत्र तभी सशक्त होगा, जब हम अधिकारों के साथ-साथ अपने नागरिक कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करेंगे। सचिव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और स्वाध्याय के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि भारत विश्व पटल पर एक नई ऊँचाई छू सके। उन्होंने अंत में सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए आपसी भाईचारे और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रदीप चंद्राकर, मुन्ना साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, गोविंद सिंह ठाकुर, राजेन्द्र राजू चंद्राकर, लक्ष्मीकांत यदु, जितेंद्र साहू, पार्षद माखन पटेल, पार्षद पीयूष साहू, पार्षद बड़े मुन्ना मरकाम, नेता संदीप घोष, मनीष बंसल, कौशल्या बंसल, भरत खत्री, नईम खान, सुरेन्द्र ठेठवार, रमेश पटवा, राकेश शर्मा, हिमांशु चंद्राकर, गोपाल वर्मा, मीना वर्मा, खिलावन यादव, भूपेंद्र सार्वा, शरद मराठा, शुभ्रा शर्मा आदि मौजूद रहे।





## महिला सशक्तिकरण की नई किरण, जनपद उपाध्यक्ष ने किया बिहान प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की दिशा में महासमुंद जिला इकाई में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने विधिवत फीता काटकर नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को विभिन्न कौशलों में पारंगत करना है, ताकि वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकें, बल्कि समाज में एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना सकें। बिहान, जिसका शाब्दिक अर्थ नई सुबह होता है। वास्तव में महासमुंद की हजारों महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता का नया सवेरा लेकर आया है।

इस अवसर पर चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना एक विकसित समाज की पहली शर्त है और इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से बिहान दीदियों को उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच मिलेगा। हुलसी ने इस क्षण को अपने सार्वजनिक जीवन का एक गौरवपूर्ण और सौभाग्यशाली अवसर बताते हुए कहा कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो उसका पूरा परिवार शिक्षित और समृद्ध होता है। उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि बिहान योजना के माध्यम से आज ग्रामीण बहनें संगठित होकर लघु उद्योगों, कृषि आधारित व्यवसायों और बैंक लिंकेज जैसे कार्यों के जरिए अपनी किस्मत खुद लिख रही हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र की सुविधाओं का अवलोकन किया और उपस्थित बिहान दीदियों से सीधा संवाद कर उनके हौसले की सराहना की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में यह केंद्र जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगा, जहां से प्रशिक्षित होकर महिलाएं स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुँचाने का काम करेंगी।

## बीजेपी सरकार किसानों को जानबूझकर परेशान कर रही: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर अव्यवस्था के आरोपों के बीच कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बीजेपी सरकार पर किसानों को जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया है। सरकार की मंशा ही साफ नहीं है कि वह किसानों का पूरा धान खरीदे। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मैंने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों को धान बेचने के लिए इतना परेशान होते कभी नहीं देखा। जिन किसानों के भरोसे देश चलता है, आज उन्हें चोर की नजर से देखा जा रहा है। अधिकारी किसानों के घरों में घुसकर जांच कर रहे हैं। दो



साल के अनुभव के बाद भी सरकार धान खरीदी की व्यवस्था संभाल नहीं पाई। प्रदेश में धान खरीदी पूरी तरह प्रभावित है और सरकार किसानों का पूरा धान नहीं लेना चाहती। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बोआई से लेकर खाद, पंजीयन, रकबा समर्पण, टोकन और लिमिट तक की पूरी व्यवस्था सरकार की नीयत उजागर करती है। डॉ रश्मि चंद्राकर का कहना है कि 31 जनवरी को धान खरीदी समाप्त होनी है, ऐसे में केवल 3 दिन ही खरीदी संभव हो पाएगी। डॉ रश्मि चंद्राकर का आरोप है कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह बंद हो चुकी है, जिसके चलते हर धान खरीदी केंद्रों में कई किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं, जबकि कई किसानों का पंजीयन और रकबा जोड़ने का काम ही नहीं हो सका। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि खाद और यूरिया की कमी, जटिल टोकन प्रक्रिया और खरीदी केंद्रों पर लिमिट तय कर किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा की विष्णु देव साय सरकार से मांग की है कि धान खरीदी की समय-सीमा को कम से कम एक महीने के लिए आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## युकां के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

युवा कांग्रेस ने बागबाहरा नगर, ग्रामीण व कोमाखान ब्लॉक के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जिस पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर उनका आभार जताया है। साथ ही उन्होंने यह आश्वस्त किया है कि उन्हें संगठन में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर ने बागबाहरा नगर के लिए आदित्य बोकड़े, कोमाखान ब्लॉक के लिए आकाश चंद्राकर व बागबाहरा ग्रामीण के लिए दुर्गेश यादव की नियुक्ति की है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधायक निवास पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख ताम्रध्वज बघेल विधानसभा युवा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष मंता यादव, दुर्गा सागर, राजेश सिन्हा, शिवा जगत, एडिसन ठाकुर, उत्तम राणा, मयंक शर्मा, गिरीश पटेल, कृष्णा यादव, रोहित सोनवानी, विकास विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



## गणतंत्र दिवस पर पशुपालन विभाग की झांकी को मिला तृतीय स्थान

**महासमुंद।** एकीकृत पशुपालन को अपनाकर लघु एवं सीमांत कृषक अपनी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में निरंतर सुधार कर रहे हैं। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आकर्षक एवं जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया गया। मैदानी अमलों के सुनियोजित एवं रणनीतिक प्रयासों तथा उप संचालक के कुशल मार्गदर्शन में विभागीय योजनाओं का लाभ जिले के पशुपालकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। झांकी के माध्यम से एकीकृत पशुपालन की वैज्ञानिक पद्धतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें कम स्थान में वर्षभर दूध, अंडा एवं मांस उत्पादन कर कृषकों द्वारा कृषि के साथ-साथ आय के पूरक स्रोत विकसित करने का संदेश दिया गया। झांकी में गिर एवं साहीवाल नस्ल की गायों के साथ असील, कड़कनाथ, सोनाली मुर्गी, जापानी बटेर, जमुनापारी बकरा एवं खाखी कैंपवेल बत्तख का प्रदर्शन किया गया। साथ ही पशुओं के लिए उपयोगी हरे चारे जैसे सुपर नेपियर, जई एवं बरसीम को भी दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। निर्णायक समिति द्वारा पशुपालन विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. उपासना साहू, डॉ. अर्चना एवलिन केरकेट्टा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, एलएल साहू, प्रकाश पण्डा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, लता टण्डन एवं चित्रलेखा पटेल परिचारक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## सांसद रूपकुमारी चौधरी ने खेल के क्षेत्र में जिले के 17 खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**महासमुंद।** 77वें गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल विभाग की अनुशंसा पर सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों में डॉ. सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, आनंद वैष्णव, सेवन दास मानिकपुरी, तारिणी साहू, आदित्य पटेल, योजना रंगारी, निमेष मन्नाडे, अभिषेक नेहरू, मुस्कान निषाद, केशव साहू, बॉल बैडमिंटन खेल में लक्ष्मी चंद्राकर अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी एवं पदक जीतने पर सम्मानित, दामिनी वर्मा, सविता जोशी, गीतांजलि साहू, हैंडबॉल खेल में आदित्य चंद्राकर, सुमित सिंह रामगढ़िया को 54 वीं सीनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप वेस्ट बंगाल में कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे सहित अन्य ने हर्ष जताया है।

## सक्षम सेवा संस्थान का हुआ सम्मेलन

**महासमुंद।** सक्षम सेवा संस्थान जिला इकाई महासमुंद अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में 18 जनवरी को जिला अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि दिव्यांग डॉ. कृष्ण कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि प्रांत सचिव अनूप पांडे, सहसचिव अंजलि चावड़ा, महिला प्रमुख पदमा शर्मा, दृष्टिबाधित प्रदेश अध्यक्ष वेंकटेश्वर राव, पीयूष पांडे असिस्टेंट प्रोफेसर, अविनाश कोसे संगीत शिक्षक, शैलेष साहू पार्षद का श्रीफल, भारत माता की फोटो और चंदन गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सक्षम दिव्यांग सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगठन मंत्र जिला सह संयोजक रमेश गिरी गोस्वामी द्वारा व मंच संचालन जिला संयोजक राजेश नायक ने किया। सक्षम का परिचय, रक्तदान, देहदान अनूप पांडे सक्षम गीत रोजगार, पद्मा शर्मा, अंजलि चावड़ा ने रोजगार व योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला सक्षम सदस्य दुर्गा वस्त्रकार, कौशल साहू, विनोद यादव, परमानंद चंद्राकर, डेविड साहू, गोवर्धन पटेल, देव पटेल, महेश वैष्णव, प्रफुल्ल ओझा, सरिता नायक, लता साहू, लक्ष्मी प्रिया व दिव्यांगजन शिव टांडेकर, सविता निषाद, बिंदा यादव आदि मौजूद रहे।

## गीता ज्ञान से ही भारत भूमि में देवी संस्कृति का होता है प्रादुर्भाव : ब्रह्माकुमारी भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

आत्मा एक शाश्वत, अभौतिक प्रकाश बिंदु है, और परमात्मा निराकार प्रकाश स्वरूप, ज्योतिर्बिंदु, सुप्रीम सोल हैं जो सभी आत्माओं के परम पिता है। परम-आत्मा है, परमात्मा जन्म-मरण के चक्र से परे अकर्ता हैं, जो कलयुग के अंत में पतित-पावन के रूप में आकर दिव्य गुणों का ज्ञान देते हैं।वे सदा शिव है।

जिले के एमकेबाहरा में ब्रह्मकुमारीज द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान यज्ञ में कथा के तीसरे दिन योग शक्ति ब्रह्माकुमारी भारती दीदी ने व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को उक्त बातें कही। ब्रह्मकुमारीज ने श्रीमद भगवत कथा में आत्मा व परमात्मा का परिचय देते हुए बताई कि आत्मा एक चेतन, दिव्य प्रकाश बिंदु है, जो देह (शरीर) की मालिक है। आत्मा अमर, अजर, अविनाशी है, जिसे न शस्त्र काट सकते हैं और न अग्नि जला सकती है। आत्मा के निजी संस्कार शांति, आनंद, पवित्रता और प्रेम हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा, परमात्मा सर्वोच्च आत्मा हैं, जो निराकार, ज्योतिर्बिंदु हैं। उन्हें 'शिव' (कल्याणकारी) कहा जाता है, न कि वह मानव देहधारी (जैसे श्रीकृष्ण) हैं। परमात्मा सभी आत्माओं के पिता हैं, जो जन्म और मृत्यु के चक्र में नहीं आते। दीदी ने परमात्मा के साथ हमारा संबंध पिता और पुत्र बताते हुए कहा कि परमात्मा सर्व आत्माओं के पिता हैं, जो दुखी संसार में आकर सुख-शांति का अविनाशी वर्षा देते हैं। वे पतित-पावन हैं, जो कलयुग के अंत में बिगड़ी को बनाने आते हैं। उन्होंने मुख्य बात कहे कि गीता का ज्ञान देने वाले वास्तव में परमपिता परमात्मा शिव हैं, न कि कृष्ण। वे ही पतित मनुष्य से देवता बनने का ज्ञान देते हैं। दीदी ने श्रीमद् भगवत गीता, रामायण और महाभारत का व्याख्यान करते हुए परमात्मा का सत्य परिचय,उसके निज धाम, दिव्य कर्तव्य एवं समय की पहचान देते हुए कहा कि कलियुग के अंत और सतयुग के आदि के संगम अर्थात बीच में अवतरित होते है, वह ब्रह्मा तन के माध्यम से कलयुगी पतित साधारण मनुष्य आत्माओं को गीता ज्ञान देकर दिव्य बुद्धि और पवित्रता प्रदान कर नर से नारायण बनाकर स्वर्ग की स्थापना करते है। यही गीता ज्ञान से ही भारत भूमि में देवी संस्कृति का प्रादूर्भाव होता है। कथा श्रवण करने जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि लोकेश पनुरिया मण्डल अध्यक्ष बीजेपी खल्लारी , भेख लाल पटेल, खिलावन पटेल, भूखन पटेल पूर्व सरपंच, कमल साहू पूर्व सरपंच, पुन्ना लाल प्रजापति, सचिव बुधारू ध्रुव, ढेलू चंद्राकर, देवचरण पटेल, सत्यवती सिन्हा, पिनीता साहू, लक्ष्मी पटेल, प्रधानाचार्य प्रेमलाल साहू, ओम प्रकाश साहू, नीलकंठ पटेल, शंकर चंद्राकर, थनेश साहू, ओमकार ध्रुव, नंदा साहू, भानुप्रिया पाटकर, भरत दास वैष्णव, ढेलू चंद्राकर, संतराम पटेल, चंपा लाल पटेल, भुखन पटेल सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस दौरान कटनी मध्यप्रदेश से श्रीमद भगवत कथा कहने पहुंची कथा वाचिका राज योगिनी ब्रह्माकुमारी भारती दीदी का जन्म दिवस पर आयोजक समिति, ब्रह्मकुमारीज गीतपाठशाला के सदस्यों ने केक कटिंग किए।



## खबर संक्षेप



### संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाई गई बसंत पंचमी

**महासमुंद।** संस्कार पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। माता सरस्वती की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। शाला परिवार के सदस्यगण व विद्यार्थीगण पीले परिधान में विधि विधान से पूजा हवन कर माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर माँ सरस्वती की विशेष प्रार्थना व भजन कीर्तन किए गए। उमा समद्दर ने विधिवत पूजा हवन सम्पन्न किया।

### गायत्री मंदिर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** बेमचा गायत्री मंदिर में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। राष्ट्रध्वज का गायत्री मंत्रोच्चार से पूजन कर गांव के सबसे बुजुर्ग नारायण चंद्राकर एवं उपजोन समन्वयक एमएल साहू ने ध्वजारोहण किया। साथ में समीपस्थ प्रज्ञा चौक का ध्वजारोहण वरिष्ठ गायत्री उपासक राम टहल निषाद एवं सेवानिवृत्त सुपरवाइजर मोहनलाल साहू ने ध्वजारोहण का पावन कार्य किया। भगत गुरुजी ने सभा को गणतंत्र दिवस के संबंध में संबोधित किया। इस अवसर पर एमएल साहू, भगत गुरुजी मोहनलाल, सुकालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, दुर्गा विश्वकर्मा, राम टेलर, प्यारेलाल यादव, राधा, नैना, लोकेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## निधन

### ललिता तिवारी

**महासमुंद।** स्थानीय पंचशील क्लब वार्ड क्रमांक 26 निवासी ललिता तिवारी (84) का 26 जनवरी को निधन हो गया। वे मधु तिवारी एवं प्रकाश तिवारी की माता तथा साकेत शर्मा (सोनू) की नानी थीं। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# शहीद स्मारक में मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवस्थित शहीद स्मारक में 77वें गणतंत्र दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम संध्या 4 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लिलेश कुमार साहू रहे। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस भावुक क्षण में राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया गया। पश्चात बच्चों द्वारा



देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहना के साथ देखा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने देशप्रेम, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि लिलेश कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने पूर्व सैनिकों के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान में सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की भूमिका अतुलनीय है। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद महासमुंद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**खल्लारी।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में विभिन्न संस्थाओं व संगठनों ने 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया। जहां शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थाओं में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से परिसरों में ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर भारत माता और महापुरुषों की छाया चित्रों का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही सभी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति गीत को संगीत के साथ मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया। इस दौरान इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण वरिष्ठ ग्रामीण सुरेश चंद्राकर व स्कूल समिति अध्यक्ष पवन चक्रधारी ने किया। राष्ट्रगान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। वहीं स्कूली बच्चों ने स्कूल परिसर में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू व वार्ड क्रमांक 15 के पंच भुनेश्वर सिन्हा ने मंचीय आयोजन के स्कूली बच्चों को सम्मान राशि भी भेंट किया। इस दौरान उपसरपंच तारेश साहू ने अपने अपने उद्बोधन में स्कूली बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि संविधान की गरिमा को सुरक्षित रखने, राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने तथा सतत विकास की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। जिसके लिए एक-दूसरे के लिए आदर सम्मान दिल से हो। ताकि देशभक्ति, अनुशासन से यहां हमारे क्षेत्र, राज्य व देश में उत्साह का वातावरण बने रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश साहू व अ आभार व्यक्त प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपसरपंच तारेश साहू, वार्ड पंच भुनेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक राधेश्याम निषाद, वरिष्ठ ग्रामीण सुरेश चंद्राकर व स्कूल समिति अध्यक्ष पवन चक्रधारी, शिक्षक राजेश साहू, शंकर ध्रुव, शिक्षिका सोम प्रभा दीवान, कंचन यदु व स्कूल समिति व ग्रामीणजनों में श्यामलाल जगत, कामता प्रसाद साहू, हेमलाल साहू, लक्ष्मी मन्नाडे, मीना मानिकपुरी, उषा यादव, निर्मला चक्रधारी संहित ग्रामीणजन व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### ध्वजारोहण कर नपाध्यक्ष ने दी तिरंगे को सलामी

**महासमुंद।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने ध्वजारोहण कर देश की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरुषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सर्वप्रथम साहू ने नगर पालिका कार्यालय परिसर में ध्वज फहराया। इस दौरान राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी। जिसमें प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापतिगण ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, पार्षद पीयूष साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, प्रीति बादल मक्कड़, सुनैना पप्पू ठाकुर, नीरज चंद्राकर व पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार साहू ने नगर के बस स्टैंड, वार्ड क्रमांक 22 में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस पर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान बस स्टैंड में महानदी बस चालक संघ के पदाधिकारी गण, आमजन, वार्ड 22 में पार्षद चंद्रशेखर बेलदार व वार्डवासियों की उपस्थिति रही। सभी स्थानों पर ध्वजारोहण पश्चात साहू ने कचहरी चौक स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया।

# बेलसोंडा ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** बेलसोंडा ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मंडी परिसर में गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष योगेश कुमार पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक पुराणिक लाल साहू, लिपिकीय सहायक बालूराम चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, राधेश्याम जांगड़े, मुकेश चंद्राकर, दीपेश निर्मलकर, भोजेंद्र सिन्हा, तेजेंद्र चंद्राकर, गिरधर पटेल, कृष्ण कुमार चंद्राकर, यादराम धीवर, सरपंच प्रतिनिधि त्रिभुवन धीवर सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस मौके पर अध्यक्ष योगेश कुमार पटेल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाने का अवसर है। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां किसानों की रीढ़ होती हैं। जब किसान संगठित होकर सहकारिता से जुड़ते हैं, तब उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और गांव आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है।



पटेल ने कृषकों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, पारदर्शिता के साथ कार्य करने तथा समिति को और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की प्रगति का मार्ग गांवों और किसानों से होकर जाता है। जब किसान खुशहाल होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा।



### देशभक्ति, अनुशासन और प्रतिभा का अद्भुत संगम है गणतंत्र दिवसः पुष्पलता

**महासमुंद।** राधाकृष्ण इंग्लिश मीडियम स्कूल बहेरापाली में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झंडाउत्तोलन पुष्पलता एसपी चौहान द्वारा किया गया। राधाकृष्ण इंग्लिस मीडियम स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम, अनुशासन, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया, जहां हर गतिविधि भारत माता के प्रति समर्पण की भावना को दर्शा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। डायरेक्टर जितेंद्र कुमार चौहान, डायरेक्टर राधा चौहा, प्रिंसिपल हृषिकेष बाघ, कार्यकारिणी गणेशी रात्रे, विशिष्ट अतिथि मालिकराम पटेल, नरसिंह पटेल, हरिराम पटेल, टीकाराम साहू, मनमोहन पटेल, शंकरलाल सिंदर, गोपाल चौहान, पालकगण शांति साहू, कपूरचंद साव, भुवनेश्वर, चंद्रमणि राठिया, विश्राम दीवान, उपेंद्र राठिया, बूंदराम सिदार, तोशकुमार पटेल, खीरोद्र सिंदार आदि उपस्थित रहे।









## गणतंत्र दिवस पर अनेक चौक-चौराहों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**नर्रा।** 77 वें गणतंत्र दिवस ग्राम पंचायत नर्रा में हर्षोल्लास के साथ ही मनाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा गांव के गलियों में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ग्राम के जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन परिसर में सरपंच नामेश्वरी दीवान ने सर्वप्रथम भारत माता की तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व श्रीफल तोड़कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान सचिव घनश्याम दीवान, पंच दयासिंह दीवान, संतोष पटेल, रोजगार सहायक पोखराज राजपूत, कोटवार रूपसिंह तांडी आदि मौजूद रहे।



## शिशु संस्कार केंद्र व संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** गणतंत्र दिवस में शिशु संस्कार केंद्र एवं संस्कार पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से गणतंत्र पर्व मनाया। ध्वजारोहण संस्था के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने किया। दोनों शाला के विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीतों पर शानदार गायन व नृत्य प्रस्तुत किया। एकल गीत, समूह गीत, समूह नृत्य प्रस्तुत किये गये। बच्चों को पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन से शरद जैन, अरूण जोशी, मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, सहप्रधानाचार्य भावना गांधी, प्राचार्य गुरप्रीत कौर मंचस्य थे। कार्यक्रम का संचालन सुनिता वानी, भावना गांधी, किरण निषाद एवं गुरुप्रीत कौर ने किया।



## तुमगांव स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी, डॉ. ठाकुर, पार्षद राकेश धीवर, एसएमसी अध्यक्ष विमला बांधे, प्रभारी संस्था प्रमुख जितेंद्र साहू मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता, पंथी नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पुष्पा धीवर द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए कॉपी पेन वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राकेश तिवारी, पार्षद राकेश धीवर, डॉक्टर ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष विमला बांधे, उपाध्यक्ष कुसमा कुर्रे, पुष्पा धीवर, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, बलराम नेताम, प्रभा कोसले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओकरी साहू, नरेंद्र निर्मलकर, रेवती पटेल, लुकेश्वरी, भगबति, चमारीन यादव, घासी राम पटेल, उपस्थित रहे।



## लखनपुर में लहराया तिरंगा

**झलप।** ग्राम लखनपुर में 77वां गणतंत दिवस सभी सरकारी संस्थान में बड़े धूमधाम से मनाया गया। ग्राम पंचायत परिसर, शासकीय स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं राशन दुकान में बड़े शान से तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम में भारत माता, महात्मा गांधी, डॉ भीम राव अंबेडकर के फोटो में गुलाल लगा कर नारियल फोड़ कर पूजा की गई। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत स्कूली बच्चों द्वारा गाया गया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया जिसमें ग्राम सरपंच खेमिन चोवाराम ध्रुव, उपसरपंच कमल कौशिक, सचिव संतोष पटेल, पंचों में देवकी भुखू जोशी, पुरानिक साहू, बिंदा तेजनप्रसाद जोशी, वीरसिंग निषाद, कौशिल्या दशरथ धीवर, तारा नीलकंठ हिरवानी, भेखराम बघेल, सीमा नरेंद्र कौशिक, कांति रोशन साहू आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमा, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। पश्चात सभी ने राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत और राज्यगीत के साथ तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं रंगोली के माध्यम से देश के प्रति समर्पण और राष्ट्रीय एकता का भाव प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। युवाओं को चाहिए कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करें। कार्यक्रम में डॉ. भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) और पीयूष कुमार (सहायक प्राध्यापक हिंदी) ने भी विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का संदेश दिया। कार्यक्रम में समस्त अतिथि व्याख्याता हरीश चौहान, डॉ. रंजना दुबे, डॉ. टिकेंद्र साहू, लता पटेल, मनूलाल कुर्रे, भारती साहू, हेमा वर्मा, मोनिका वर्मा, धात्री चक्रधारी, नीलम जांगड़े, क्रीड़ा अधिकारी आदिल अहमद, अतिथि ग्रंथपाल हेतराम भोई, प्रकाश चंद्राकर और गगन उपस्थित थे।





## कलेक्टर ने जिला कार्यालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**महासमुंद।** 77वें गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराकर, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को आज ही के दिन 26 जनवरी को संविधान के तहत मूलभूत अधिकार मिले थे। हमें देश के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव सशक्त, सतर्क, सुरक्षित और जागरूक रहते हुए सक्रिय रूप से लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं। साथ ही देश-प्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इसके पूर्व कलेक्टर लंगेह ने अपने शासकीय आवास पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, सृष्टि चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# विधायक ने गणतंत्र दिवस पर कार्यालय में फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने 77वें गणतंत्र दिवस पर बीटीआई रोड स्थित कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारियों एवं संविधान निर्माता महापुरुषों को याद किया।

सोमवार को गणतंत्र दिवस की सुबह विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने कार्यालय पहुंचे। वहां अन्य नेतागण व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। फिर तिरंगे झंडे को सलामी दी। सभी ने एक साथ राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान विधायक सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को ठीक इसी दिन भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ और हमारा देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उभरा। गणतंत्र दिवस लोकतंत्र की भावना का सम्मान करने, संविधान के अधिकार और मूल्यों को ध्यान रखने का दिन है। यह दिन बताता है कि राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक की भूमिका होती है। वहीं 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था। देश को आजाद करने के लिए कई देशभक्तों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों से हर प्रकार से लड़ाई लड़कर हमें आजादी दिलाई। हमें इस आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखना है।



**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जिला मंत्री मनीष बंसल, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेतागण कौशल्या बंसल, रमेश साहू, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, गोविंद ठाकुर, मनीष शर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, शुभ्रा शर्मा, आनंद साहू, मधु यादव, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, सुनिता साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, सुरेश साहू, हिमांशु चंद्राकर, शरद राव, रामेश्वर पटवा, अमन वर्मा, अमित साहू, अभिषेक पांडे, खुशाल ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहें।

# जीवंत झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



गणतंत्र दिवस पर सशिमं प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम भरोसा सोनी अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल आधारित शिक्षा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विशेष अतिथ विभाग प्रचारक ठाकुर राम ने सरस्वती शिशु मंदिर की विशिष्ट शिक्षण पद्धति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहाँ शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कार, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नैतिक मूल्य एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर विशेष बल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिशु मंदिरों का उद्देश्य श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण करना है, जो राष्ट्र के प्रति समर्पित हों। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुपेंद्र साहू जिला प्रतिनिधि गरियाबंद जिला ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम भरोसा सोनी, रायपुर कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ठाकुरराम विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजिम विभाग, हेमंत सोनी पूर्वछात्रः सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत विद्यार्थी भैया-बहनों के आकर्षक व प्रभावी शोभायात्रा से हुई। जीवंत झांकियों और घोष-वादक दलों की उमंग पैदा करती धुन के साथ कदमताल करते भैया-बहनों को निहार कर नागरिक-अभिभावक मंत्रमुग्ध थे। शोभायात्रा के दौरान विद्यार्थी भैया-बहनों ने द्रुतगति योग-व्यायाम, पताका योग, योगचाप, मुष्ठिका योग, चक्रयोग, नियुद्ध (जूडो-कराते), दंड योग एवं घोष में विभिन्न आकृतियों का प्रदर्शन मुख्य मार्ग में किया गया। पथ संचलन के मुख्य मार्ग पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, बागबाहरा के स्वयंसेवकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा पेट्रोल पंप (नांका नं. 01) से चलकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर विसर्जित हुई। विद्यालय प्रांगण में अतिथियों ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के पश्चात भारत माता की पूजा-अर्चना व आरती की। घोष पथक ने बाद में मुख्य अतिथि व अध्यक्ष को सलामी दी। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विद्यालय के संचालन समिति के सदस्यों एवं किशोर भारती अध्यक्ष निखिल सोनी एवं तेजस शर्मा ने किया। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने अतिथि परिचय दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत-नृत्य व भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यालय प्रावीण्य क्रम में स्थान अर्जित करने वाली भोजवती चक्रधारी (12वीं), निधि साहू (10वीं), हेमलता विश्वकर्मा एवं दीप्ति यादव (8वीं) एवं अदिति यादव (5वीं) उत्तम सदाचारी बालिका के लिए सृष्टि साहू (द्वादश) को स्व. सोहनलाल अग्रवाल स्मृति पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' के गायन उपरांत मिष्ठान्न वितरण के साथ ही कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन गरिमा निर्मलकर एवं भेपेश्वरी दीवान ने किया।



## मेरा भारत युवा केंद्र ने मनाया गणतंत्र दिवस

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की महत्व और युवाओं के लिए इसके महत्व के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम में मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी, राजेश कन्नौजे, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक घनश्याम दीवान, हेमंत पाईक, विष्णु पाईक, भूपेंद्र वैष्णव, अशोक पटेल, कामता, दाऊलाल, किशन, रश्मि पटेल, भीखम, कुमारी पटेल आदि रहे।



## उखरा में सरपंच ने फहरया झंडा

**नर्रा।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत भवन उखरा में सरपंच प्रीतम चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सचिव सागरचंद राणा, रोजगार सहायक यशलाल पांडे, उपसरपंच चैतराम निषाद, पंचगण आसकरण तांडे, कौशल पांडे, वीरेंद्र ठाकुर, संतराम पटेल, रोहित पांडे, गौरी चौधरी, जानकी पटेल, जामबाई प्रधान, कांति मधुकर, तुलसी ठाकुर, दीपिका विश्वास, सविता पांडे, नितिका पटेल, बिना पांडे आदि मौजूद रहे।



## गणतंत्र पर्व पर शान से लहराया तिरंगा देशभक्ति के जज्बे के साथ दी सलामी

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में गणतंत्र दिवस श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। देश भक्ति जज्बे के साथ ही चौकों में तिरंगा का लेप लगाकर जनसेवकों ने रंग रोगन किया। सुबह से ही देश भक्ति गीत गूंजायमान होते रहे। ग्राम पंचायत में सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय गीत गाकर तिरंगे को सलामी दी। गणतंत्र दिवस पर सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर ने स्मारक में पंचायत समिति व ग्रामीणों के साथ वीर सपूत शहीद घनश्याम कन्नौजे का स्मरण किया। देश के सुरक्षा के लिए जान गंवाने वाले शहीद जवान की नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, अध्यापकों व कर्मचारियों सहित ग्रामीण उपस्थित थे।सभी ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया।



## अरंड में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**अरंड( पिथौरा)।** 77वां गणतंत्र दिवस में स्वतंत्रता की ज्योत जलाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बुढ़ान शाह ठाकुर के स्मारक में तिरंगा झंडा ग्राम प्रमुख शिव चरण ध्रुव द्वारा फहराया गया। अमृत सरोवर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रपाल डड़सेना के पौत्र सुनील डड़सेना, ग्राम पंचायत में सरपंच डिगंबर पटेल, हाई स्कूल में कार्तिक राम पटेल, मिडिल स्कूल में भोगेश्वरी ध्रुव, प्राथमिक शाला में बृजलाल ध्रुव, गौरा चौरा में सेवानिवृत्त शिक्षक खेमराज दीवान, संकुल में संकुल प्राचार्य नमोकंकड प्रसाद तिवारी द्वारा ध्वज फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर बच्चों, नागरिकों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। प्रभात फेरी हाई स्कूल से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख स्थान, चौक-चौराहों से गुजरते हुए पंचायत में समाप्त हुआ। बच्चों द्वारा प्रभात फेरी में भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के झांकी प्रस्तुत किए। ग्राम पंचायत में ध्वज फहराने के बाद वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गान किया गया। प्रभात फेरी में सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, पंच अमृत राणा, पंच मुरलीधर ध्रुव, कार्तिक राम पटेल, कृष्णा ध्रुव, हुसन निर्मलकर, देवानंद पटेल, आशा धीवर,प्राचार्य नमोकांकण प्रसाद तिवारी, प्रधान पाठक रोहिणी कुमार देवांगन, जयराम पटेल, नकुल राम साहू, प्रदीप कर, देऊक राम ध्रुव, लोकेश्वरी साहू, क्षमा निषाद, टीकम पटेल, गंगा पैकरा, फुलकुवर पटेल, अर्चना पटेल आदि मौजूद रहे।

# नांदगांव स्कूल में गणतंत्र दिवस एवं नवसाक्षर उल्लास मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह एवं नवसाक्षर उल्लास मेला बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोमनाथ पटेल एवं प्रधान पाठक शीला चंद्राकर के करकमलों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ गांव में प्रभात फेरी निकाली गई, जिससे पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल बन गया। इसके उपरांत नन्हे-नन्हे बच्चों ने देशभक्ति गीतों, छत्तीसगढ़ी गीतों एवं सेवा गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नवसाक्षर उल्लास मेला में गांव के नवसाक्षरों ने विभिन्न गतिविधियों, टीएलएम एवं कार्डबोर्ड के माध्यम से असाक्षरों को साक्षरता के महत्व की जानकारी दी, जिससे जनजागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। इस अवसर पर संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच एवं पंचगण, शिक्षकगण अजय बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखन लाल चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, विनेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका तथा गांव के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## जिला स्तरीय परेड में आशीबाई गोलछा स्कूल को मिला तृतीय स्थान

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में रेड क्रॉस के बच्चों ने जिला स्तरीय परेड में संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा एवं रेड क्रॉस प्रभारी नोबेल ध्रुव के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसको प्लाटून कमांडर यश साहू, उपप्लाटून कमांडर समीना धूनिया ने नेतृत्व किया था। इस उपलब्धि पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी एवं रेड क्रॉस व शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं शाला परिवार के वरिष्ठ व्याख्याता वीके मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, छाया रंगारी, एसके मांझी, डीके शर्मा, एचके खूंटे, डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, अनिता साहू, केएल चंद्राकार, चंद्रशेखर मिथिलेश, तपस्या शर्मा, पूजा साहू, दुर्गेशनंदनी यदु, बेलामारू, खेमलता कंवर, भारती यादव, प्रज्ञा लांझेवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।



## बिंद्रावन स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नर्रा।** भारत के गौरवशाली 77वें गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में पूर्व सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा उत्तम राणा ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर सलामी दी। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की आन-बान और शान हमें सदैव देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। हमारे महापुरुष के वजह से अंग्रेजों के गुलामी से हमे आजाद कराया है, उनकी बलिदान को हम कभी भुलना नहीं चाहिये। महापुरुषों में अपना बलिदान दिए, तभी जाकर हमको स्वतन्त्रता मिली। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ। इससे हमारा देश संविधान से ही सुरक्षित है। कार्यक्रम में सरपंच गायत्री ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भोगसिंग ठाकुर, सचिव, उपसरपंच पार्वती पांडे, सचिव कृपा पारकर, पंच ज्योति ठाकुर, पंच जागेश्वरी यादव, ईश्वरी साहू, मंजू पटेल, धनेश्वरी पटेल, गुनीता पांडे, राधिका टंडन, किरण साहू, राधिका देवांगन, पीलाबाई पांडे, शाला प्राचार्य गोविंद चक्रधारी, रामप्रसाद साहू, वैशाली व्यवहार, डगोरी यादव, धनेश्वरी भास्कर, नीता ठाकुर आदि मौजूद रहे। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसमें भारती टंडन, डिगेश्वरी पांडे, हेमसागर, प्रिया मांझी, डिंपेश्वरी, लवेनिया, नीलम, आर्या, दीपिका टण्डन, जिज्ञासा पांडे, दीपांजली, माधुरी, भूमिका, दुलेश, रागिनी, तारिणी, तुषार, पुष्कर, महेश पांडे का सहयोग रहा।

## संतोष का सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने किया सम्मान

**नर्रा।** 77 वें गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत भवन राटापाली में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर में सरपंच पूर्णिमा सोनवानी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान वार्ड पंचों तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इस पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराभाठा निवासी किसान अनुज ध्रुव के सुपुत्र संतोष ध्रुव का चयन सीआई एसएफ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय के अधिन कार्य देश देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। चयनित होने पर सरपंच पूर्णिमा सोनवानी के द्वारा श्रीफल देकर कर किया सम्मान। सरपंच पूर्णिमा परमेंश्वर सोनवानी ने संबोधित कर उन्होने इस चयन पर कहां कि गर्व की बात है यह न केवल बल्कि मां बाप गांव व पूरे समाज अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की राह पर पहला कदम पूरे समाज को प्रेरित करेगा। देश की संपदा की सुरक्षा अब आपके मजबूत कंधों पर है आप देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे हवाई अड्डे, मेट्रो और परमाणु संस्थान की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगें। इस दौरान सचिव घनश्याम दीवान सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर सोनवानी पंचायत के जनप्रतिनिधि पंच गण एवं ग्राम के वरिष्ठ जन तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## परसुली सोसाइटी परिसर में अध्यक्ष लोचन ने फहराया तिरंगा

**नर्रा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति परसुली संग्रहण केंद्र में 77वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल ने सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, गैंदराम चक्रधारी पूर्व अध्यक्ष, चंदर यादव, भोज चक्रधारी, देवेंद्र पांडे, समिति प्रबंधक प्रभारी राजेश पटेल, तेजलाल साहू, नीलकंठ पटेल, खिलेश्वर पटेल, डालेश्वर पांडे आदि मौजूद रहे।



